तापमान
अधिकतम 36.2 डिग्री
न्यूनतम 27.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, बुधवार 26 जून 2024

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

12 दु:खद और जीवन का काला अध्याय रहा ...



12 गर्भवती महिलाओं और बच्चों को बांटे पोषण किट



छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.cgstate.gov.in
बी.एम. आई.टी.आई.
कोपा
इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-03/07/24

# सहस्त्रधारा स्नान के बाद से भगवान जगन्नाथ बीमार, मंदिर के पट बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शनिवार को देव स्नान पूर्णिमा पर भक्तों के सहस्त्रधारा स्नान के बाद से भगवान जगन्नाथ बीमार हो गए हैं। जिन्हें स्वस्थ कराने के लिए पंचमी यानि 27 जून से सेवायत आयुर्वेदिक पद्धति से उनका उपचार करेगें। महाप्रभु के बीमार हो जाने के बाद से ही मंदिर के पट बंद हो गए हैं। अब 6 जुलाई को नेत्रोत्सव के साथ भगवान जगन्नाथ स्वस्थ होंगे और दूसरे दिन 7 जुलाई को 15 दिन बाद भक्तों को दर्शन देने के लिए रथ पर सवार होकर नगर भ्रमण पर निकलेंगे।



## पंचमी से आयुर्वेद पद्धति से शुरू होगा उनका इलाज

### 7 जुलाई को निकलेगी रथ यात्रा

पुजारी नारायणदास वैष्णव ने बताया कि भगवान जगन्नाथ के बीमार होने के बाद 15 दिनों के लिए मंदिर के पट बंद है। जो सीधे 6 जुलाई को नेत्रोत्सव के साथ महाप्रभु स्वस्थ होंगे और दूसरे दिन अल सुबह मंगला आरती के साथ ही भक्तों के लिए मंदिर के पट खुलेगें और उसके बाद भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा व बड़े भैया बलराम के साथ रथ में सवार होकर भक्तों को दर्शन देने स्वयं नगर भ्रमण पर जाएंगे। पौराणिक कथा के अनुसार नगर भ्रमण के बाद वे अपनी मौसी के यहां विश्राम करने जाएंगे। जिस दिन भगवान भक्तों को दर्शन देंगे उस दिन को लोग रथयात्रा पर्व के रूप में मनाते हैं। भगवान की यह रथयात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से निकलेगी। 17 जुलाई को भगवान अपने मौसी के घर से वापस मंदिर आएंगे जिसे बहुड़ा यात्रा पर्व के रूप में मनाया जाएगा। श्री वैष्णव ने बताया कि मंदिर में आने के बाद भगवान सो जाएंगे, इसके बाद कोई मांगलिक कार्य नहीं होगा।

श्रीराम जानकी मंदिर स्थित जगन्नाथ मंदिर के पंडित नारायण दास वैष्णव ने बताया कि महास्नान के बाद बीमार हुए भगवान को स्वस्थ करने दवा स्वरूप काढ़ा के साथ सूखे मेवे का भोग उन्हें अर्पित किया जाएगा। बीमार भगवान जगन्नाथ भले ही अपने भक्तों को दर्शन नहीं दे रहे। लेकिन विश्राम कक्ष में पंचमी से भगवान जगन्नाथ की नियमित सेवा की जाएगी। भगवान को दालचीनी, जावित्री, कालीमिर्च, लौंग, इलायची का काढ़ा अर्पित किया जाएगा। ये सारी सेवाएं स्कंद पुराण के उत्कल खंड में जो नियम बताए गए हैं, उसके अनुसार ही चलती हैं।

## खबर संक्षेप

### लड़की से किया मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** ऑफिस से छुट्टी होने के बाद अपने घर वापस जा रही युवती को चिढ़ाते हुए मारपीट करने वाले युवक के खिलाफ सिटी कोतवाली में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को वार्ड नं 2 इमलीभांठा निवासी एक युवती ने बताया कि 23 जून को आफिस से मेरी छुट्टी होने के बाद रात्रि लगभग 9.30 बजे पैदल अपने घर जा रही थी। रास्ते में संतोष किराना स्टोर्स के पास पहुंची थी, वहां पर बैठे कुछ लड़कों में से एक गोविंद निषाद मुझे चिढ़ा रहा था। मेरे द्वारा मना करने पर आरोपी गोविंद निषाद ने मुझे गालियां और जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का से मारपीट किया। जब फोन कर मैने अपने मां व पिताजी को बुलाया तो आरोपी उनके साथ भी गाली गलौज कर मारपीट करने लगा। मारपीट से मेरे चेहरे में सूजन आ गया है, साथ ही मां एवं पापा दोनों के चेहरे में चोट आई है। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 294, 323, 506 के तहत अपराध दर्ज किया है।



### जिले में अब तक 85.4 मिलीमीटर औसत वर्षा

**महासमुंद।** जिले में चालू मानसून के दौरान 01 जून 2024 से अब तक 85.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख से मिली जानकारी के अनुसार जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा महासमुंद तहसील में 132.1 मिलीमीटर, सरायपाली में 103.4 मिलीमीटर, बसना में 92.6 मिलीमीटर, बागबाहरा में 80.5 मिलीमीटर, पिथौरा में 70.4 मिलीमीटर और सबसे कम वर्षा 33.9 मिलीमीटर कोमाखान तहसील में दर्ज की गई। 24 जून को 8.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। जिले के तहसीलवार वर्षा में सरायपाली तहसील में 27.6 मिलीमीटर, बसना में 18.2 मिलीमीटर, पिथौरा में 2.6 मिलीमीटर, बागबाहरा में 2.2 मिलीमीटर और सबसे कम वर्षा 1.6 मिलीमीटर कोमाखान तहसील में दर्ज की गई।

## शिक्षा व्यवस्था : जिले में गर्मी छुट्टी के बाद नए शिक्षा सत्र की शुरुआत आज से

# आज से लौटेगी स्कूलों में रौनक, कई अधूरे कार्यों के साथ होगा नवप्रवेशियों का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले मे गर्मी छुट्टी के बाद नए शिक्षा सत्र की शुरुआत आज से होने जा रही है। जिले मे मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत स्कूल भवन की मरम्मत और अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य एक साल में भी पूरा नहीं हो पाया है। अभी भी कई भवनों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। नए सत्र में जब विद्यार्थी स्कूल भवन पहुंचेंगे तो समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

518 स्कूलों की मरम्मत और अतिरिक्त भवन का निर्माण किया जा रहा है, लेकिन अब तक 333 स्कूलों में ही कार्य पूर्ण हुआ है, वहीं 185 स्कूलों में कार्य प्रगति पर है। आधी-अधूरी तैयारी के साथ 26 जून से स्कूल खुलेंगे। पूर्व में हुई समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने भी स्कूल खुलने के पूर्व सभी निर्माणाधीन भवनों को पूरा करने के निर्देश दिए थे। 2023 में भवनों के मरम्मत के लिए भी तीन चरणों में राशि जारी की गई थी। मार्च 2023 में पहली किस्त आई। इसके बाद दो अन्य चरण में भवनों के मरम्मत के लिए राशि जारी की गई। स्कूल जतन योजना के तहत स्कूलों के मरम्मत के साथ ही स्कूलों की रंगाई 20 द्वारा और पोताई का कार्य भी किया जाना था। फंड आने में देरी व अन्य कारणों में के कारण देरी होना बताया जा रहा है। 25 जून को ग्रीष्म अवकाश समाप्त हो गया और आज से स्कूल खुलेंगे। स्कूल 18 जून से खुलने थे लेकिन, भीषण के गर्मी के कारण प्रवेशोत्सव आगे बढ़ा दिया गया।



### आज से खुलेगा स्कूल

संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने बताया है कि सभी सरकारी और निजी स्कूलों को 26 जून 2024 को खोलने के मुख्यमंत्री विष्णु साय के निर्देश के तहत आज 26 जून को सभी स्कूल खुलेंगे।

### शिक्षा कार्यालय का मरम्मत भी अधूरा

शिक्षा विभाग के कार्यालय का भी मरम्मत कार्य पूर्ण नहीं हुआ है। यहां भी भवन का निर्माण कार्य अधूरा है। छत को अब तक बनाया नहीं गया है। जिला शिक्षा विभाग के अधिकारी व कर्मचारी खुद भी किराए के भवनों में कार्य करने को मजबूर हैं। कार्यालय की मरम्मत के कारण पिछले वर्ष ही आधा स्टाफ डाइट के भवन में शिफ्ट हो गया है।

### जिले में यह संख्या है स्कूलों की

जिले में कुल शासकीय प्राथमिक शाला 1278, मिडिल स्कूल 493, हाई स्कूल 62 और हायर सेकंडरी 126 शासकीय शालाएं संचालित है। जिसमें लगभग 1 लाख 62 हजार 303 विद्यार्थी अध्ययन करते हैं। प्राथमिक शाला में 71 हजार 36 बच्चे, मिडिल में 46 हजार 964, हाई स्कूल में 25 हजार 178 और हायर सेकेण्डरी में 19 हजार 125 बच्चे अध्ययनरत है।

### जिले के 333 स्कूल खुलेंगे नए कलेवर के साथ

शिक्षण सत्र प्रारंभ होने के साथ जिले के 333 स्कूलों को नए कलेवर और आकार मिला है। इन स्कूलों में मरम्मत और जीर्णोद्धार के पश्चात नए कलेवर और साज-सज्जा के साथ बच्चे उत्साह के साथ पढ़ने आएंगे। जिले में लोक शिक्षण मद से स्कूलों के मरम्मत कार्य अंतर्गत कुल 518 कार्य स्वीकृत किया गया था। जिसमें से 333 निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा शेष शालाओं में मरम्मत कार्य प्रगतिरत है। जिले में ऐसे 333 स्कूलों भवनों का मरम्मत और रंग-रोगन कर आकर्षक बनाया गया है। शेष स्कूलों में कार्य भी पूरा किया जा रहा है। सरायपाली विकासखंड अंतर्गत प्राथमिक शाला सिरबोड़ा को नवीन भवन मिल गया है। यहां के बच्चे स्कूल जाने उत्साहित है। खपरैल और जर्जर वाले स्कूल भवन अब पक्के और छत वाले आकर्षक स्कूल में तब्दील हो गया है। इसी तरह बागबाहरा ब्लॉक के प्राथमिक शाला ठोंगा में भी शाला भवन जर्जर स्थिति में था, जिसे नया रूप दिया गया है।

## बीच-बचाव कर रहे युवक को बड़े भाई ने लाठी से मारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पारिवारिक विवाद के दौरान बड़े भाई ने छोटे भाई पर डंडे से मारपीट कर दिया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पिथौरा थाने में आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। लच्छन ध्रुव पिता ईश्वर ध्रुव निवासी ग्राम परसापाली ने पुलिस को बताया कि 22 जून को दोपहर करीब 2 बजे मेरा बड़ा भाई लचकुमार मेरे पिताजी ईश्वर ध्रुव से 40 हजार रुपए की मांग कर रहा था, इस पर मेरे पिताजी द्वारा रुपए नहीं है बोलने पर लच कुमार ने मैं खेत को बेचूंगा, हस्ताक्षर करोगे कि नहीं करोगे कहा। जिस पर पिताजी द्वारा हस्ताक्षर करने से मना कर दिया गया।

ऐसा कहने पर लचकुमार लाठी-डंडा से मेरे पिताजी के साथ मारपीट करने के लिए उतारू हो रहा था, जब मैने बीच-बचाव किया तो आरोपी ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए लाठी से मुझे मार दिया, जिससे मुझे बांये आंख के ऊपर चोटें आई है, जिसका इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिथौरा में कराया हूं। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 294, 323, 506 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

## चाकू की नोक पर लूट करने वाले चार आरोपियों को मिली 7-7 साल की सजा

**महासमुंद।** चाकू की नोक पर लूटपाट करने के मामले में अपराध दोष सिद्ध होने पर प्रथम सत्र न्यायाधीश अनिता डहरिया ने 4 आरोपितों को भादसं की धारा 398 के तहत 7 वर्ष, 392 के तहत 5 वर्ष व 1 हजार रुपए अर्थदंड तथा धारा 120 बी के तहत 1 वर्ष की सश्रम कारावास की सजा सुनाई। अर्थदंड की राशि नहीं पटाने पर 3 माह अतिरिक्त कारावास पृथक से भुगतना होगा। शेष सभी सजाएं साथ-साथ चलेगी। अभियोजन के अनुसार दिनेश कुमार साहू ने थाना पटेवा में शिकायत दर्ज कराई कि वह 9 मार्च 22 को सब्जी मंडी महासमुंद से सब्जी बिक्री की रकम 1 लाख 10 हजार रुपए बैग में रखकर महासमुंद से पिथौरा जा रहा था। पटेवा बस स्टैंड के पास एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा इशारा कर लिफ्ट मांगने पर अपनी मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 06 जीपी 0753 में बैठाकर पिथौरा की ओर जा रहा था, तभी रास्ते में तेंदूवाही मोड़ के पास दोपहर 12.40 के आसपास उक्त व्यक्ति द्वारा मोटर साइकिल रोकने बोला गया। मोटर साइकिल रोकने पर पीछे बैठा व्यक्ति चाकू दिखाकर डरा धमकाकर बैग में रखे 1 लाख 10 हजार रुपए लूट कर भागने लगा, मैने जिसका पीछा किया, लेकिन इसी बीच दो अज्ञात व्यक्ति मोटर साइकिल से पटेवा की ओर से आ गए और पैसा लूट कर भाग रहे व्यक्ति को अपने साथ बैठाकर पटेवा की ओर भाग गए। घटना की शिकायत पर पुलिस ने जांच की और आरोपी पिथौरा थाना क्षेत्र के निवासी 35 वर्षीय कुमार ठाकुर पिता श्रीलाल ठाकुर, तेंदूकोना थाना क्षेत्र के ग्राम चुरूपाली निवासी 29 वर्षीय नेतराम साहू पिता धनीराम साहू, नैला जांजगीर थाना क्षेत्र के भाठापारा निवासी 29 वर्षीय बिहारी लाल कश्यप पिता मोहन लाल कश्यप तथा कोमाखान थाना क्षेत्र के ग्राम मोखा निवासी 25 वर्षीय कुशल ध्रुव पिता लोकनाथ ध्रुव को लूट के मामले में अपराध दर्ज कर विवेचना उपरांत मामला कोर्ट को सौंपा था। अभियोजन की ओर लोक अभियोजक भूपेंद्र चंद्राकर ने पैरवी की।

## रेत का अवैध भंडारण...



**महासमुंद।** जिले में प्रशासन द्वारा 15 जून से रेत उत्खनन में पाबंदी के बावजूद चिंगरौद में स्थित महानदी नदी से रेत माफिया अवैध परिवहन करने से बाज नहीं आ रहे है। ग्रामीण इलाके में रेत माफिया बरसात आते ही रेत का स्टाक करना शुरू कर चुके हैं। बम्हनी क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में भी सड़क किनारे रेत का अंबार देखे जा सकते हैं। पाबंदी लगाते ही रेत माफिया अब ट्रैक्टर के माध्यम से रेत का अवैध भंडारण में जुट गए हैं।

## बस की ठोकर से अनियंत्रित कार ने प्रधान आरक्षक को मारी ठोकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सोमवार की दोपहर रायपुर रोड साराडीह मोड़ पर महासमुंद की ओर से आ रही बस ने अर्टिका कार को पीछे से ठोकर मार दी, जिससे कार अनियंत्रित हो गई और मौके पर वाहन चेंकिंग कर रहे प्रधान आरक्षक को टक्कर मार दी, जिससे प्रधान आरक्षक को चोटें आई। घायल अवस्था में उन्हें मेडिकल कालेज से रायपुर रिफर किया गया।

जानकारी के अनुसार सोमवार को यातायात विभाग की टीम साराडीह मोड़ पर वाहन चेंकिंग कर रही थी। करीब साढ़े 5 बजे रायपुर से ओड़शिा जा रही कार क्रमांक ओडी 03 एबी 0789 ने वाहन चेंकिंग में व्यस्त प्रधान आरक्षक कृपाराम साहू को टक्कर मार दी। जिससे उनके कमर और पसली में अंधरूनी चोटें आई। घटना के बाद विभागीय कर्मचारियों ने उन्हें मेडिकल कालेज में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें रायपुर रिफर कर दिया। इस मामले में वार्ड नं 1 शांति नगर खरियार रोड नुआपाडा निवासी जगमोहन बेहरा ने कोतवाली पुलिस को बताया कि वह चाचा मनोज बेहेरा का चेकअप कराने रायपुर के एक अस्पताल लेकर गया था, जहां से वापसी के दौरान कार को चालक नरसिंग नायक चला रहा था। कार में मेरे अलावा चाचा मनोज बेहेरा, चाची लक्ष्मी बेहेरा एवं मामा आकाश कुमार बेहेरा पीछे की सीट में बैठे थे। करीब शाम 5.30 बजे जब साराडीह मोड़ के पास एनएच 353 रोड में पहुंचे थे कि पीछे से आ रही बस क्रमांक सीजी 04 एमजे 3872 के चालक ने बस को तेज गति से व लापरवाही पूर्वक चलाकर मेरी कार को पीछे से ठोकर मार दिया, जिससे मेरी कार की गति अचानक बढ़ गई एवं मेरी कार रोड किनारे खड़े ट्रैफिक जवान को ठोकर मारते हुए रोड पर बने डिवाइडर में चढ़ गई। पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर बस चालक के खिलाफ धारा 279, 337 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### जहरीले सांप के काटने से महिला की मौत

**महासमुंद।** बसना थाना क्षेत्र के ग्राम तिलकपुर में सांप के काटने से महिला की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि 5 जून को सुबह करीब 9 बजे अमरिका रात्रे पति स्व. शांतिलाल (40 साल) निवासी तिलकपुर को गांव के मुड़ा तालाब के नीचे खेत में जहरीले सांप ने काट लिया उसे इलाज के लिए रायपुर के अस्पताल ले जाया जा रहा था, इसी दौरान उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर कार्रवाई विवेचना में लिया है।

## 27 को संभाग स्तरीय प्रतियोगिता, विखं एवं जिला स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता हुई

# विखं एवं जिला स्तरीय फुटबॉल स्पर्धा में वेडनर स्कूल का दबदबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

विकासखंड एवं जिला स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन सोमवार को मिनी स्टेडियम में हुआ। जिसमें प्रथम पाली में विकासखंड स्तर पर प्रतियोगिता कराया गया। इस प्रतियोगिता में रिवर डेल वर्ल्ड स्कूल, गुड शेफर्ड स्कूल व वेडनर स्कूल की अंडर 17 वर्ष की टीम ने भाग लिया। विकासखंड क्रीड़ा प्रभारी हिरेंद्र कुमार साहू ने बताया कि पहला मैच रिवरडेल वर्ल्ड स्कूल विरुद्ध गुड शेफर्ड स्कूल महासमुंद के मध्य खेला गया। जिसमें रिवर डेल वर्ल्ड स्कूल ने गुड शेफर्ड स्कूल महासमुंद को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबला वेडनर स्कूल विरुद्ध रिवर डेल वर्ल्ड स्कूल महासमुंद के मध्य खेला गया। जिसमें वेडनर स्कूल महासमुंद ने विकासखंड प्रतियोगिता में विजेता होने का गौरव हासिल किया। तत्पश्चात द्वितीय पाली में जिला स्तरीय मुकाबला खेला गया। जिसमें पिथौरा विकासखंड की टीम और महासमुंद विकासखंड की टीम वेडनर स्कूल के मध्य मुकाबला हुआ, जो बहुत ही रोमांचक रहा मैच का परिणाम टाई रहा। तत्पश्चात एक्स्ट्रा टाइम दिया गया, उसमें भी परिणाम टाई रहा। तत्पश्चात पेनाल्टी शूटआउट दिया गया। फिर भी परिणाम टाई रहा। फिर गोल्डन सूट दिया गया, उसमें वेडनर स्कूल महासमुंद की टीम विजेता बनी। आगामी 27 तारीख को संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में महासमुंद जिले की ओर से प्रतिनिधित्व करेंगे। मैच का प्रारंभ सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं क्रीडा सेक्शन अधिकारी हिना ढालेन द्वारा किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त वरिष्ठ व्यायाम शिक्षक नीलमणि चंद्राकर विशेष रूप से उपस्थित रहे। मैच को संपन्न कराने में गणेश कोसरे, सेवन दास मानिकपुरी, छन्नू लाल साहू, सुशील कुमार, रनवी कौनेन अहमद, मीत कुमार, सलिल चौधरी, पिथौरा विकासखंड से आए व्यायाम शिक्षक राजेश कुमार साहू, नारायण गभेल, मकरध्वज पटेल का विशेष योगदान रहा।



पाठक सूचना
महासमुंद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9981131365, 9098324969

RUNGTA EDUCATIONAL FOUNDATION BHILAI CHHATTISGARH | R1
EXPERIENCE EDUCATION BEYOND BOUNDARIES
Study
•BCA •MCA
•BBA •MBA
•B.Com
Our Major Recruiters
AXIS BANK
ICICI Bank
tcs TATA CONSULTANCY SERVICES
wipro
Deepak Advts.
90161 13333

## खबर संक्षेप



### नगरीय निकायों पर बकाया बिजली बिल 789 करोड़

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों का बिजली बिल 789.15 करोड़ रुपए बकाया है। यह बिल मार्च की स्थिति में है। अब ऊर्जा विभाग ने नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग से यह बिल अदा करने के लिए कहा है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने प्रदेश के सभी संयुक्त संचालकों से कहा है कि वे मार्च 2024 की स्थिति में निकायवार बकाया बिल एवं पेनाल्टी की राशि की जानकारी भिजवाएं, ताकि बिल अदा करने के लिए के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा सके। भारत सरकार द्वारा लागू की गई आरडीएएस योजना के दिशा निर्देशों के तहत शासकीय विभागों को मार्च 2022 की स्थिति में बकाया बिजली बिलों का भुगतान तीन किस्तों में तथा चालू वित्तीय वर्ष का भुगतान उसी साल में किए जाने की अनिवार्यता है। ऊर्जा विभाग ने अब बकाया राशि का भुगतान करने कहा है।

### यादव महासंघ ने मनाया विश्व संगीत दिवस



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रगतिशील यादव महासंघ द्वारा सामाजिक भवन में रविवार को विश्व संगीत दिवस मनाया गया। इस दौरान संगीत के सुधिजन कलाकारों ने संगीत सरिता में डुबकी लगाई और श्रोता अंजलि भर-भरकर गीत गंगा का रसपान करते रहे। श्रोताओं की खूब वाहवाही और ताली बटोरी। इस मौके पर महासंघ के महासचिव निरंजन सिंह यादव ने बताया कि इस वर्ष का विश्व संगीत दिवस, दिवंगत रमजान सज्जाद (रफी फेम) को बतौर श्रद्धांजलि समर्पित किया गया। ज्ञात हो कि रमजान भाई रायपुर संगीत समिति और गुलशन कुमार के टी-सिरीज एलबम से बरसों तक जुड़े रहे तथा दो दिन पूर्व 22 जून को ही उनका इंतकाल हुआ है। कार्यक्रम में उभरते सात गायक कलाकार अजय यादव, लक्ष्मण यादव, सुजीत सिंह, राजेश यादव, रविंद्र सिंह रवि, हेमंत यादव एवं वीरेंद्र यादव आदि शामिल थे।

### संत कबीर प्रकटोत्सव निकाली कलश यात्रा



**रायपुर।** मानिकपुरी समाज की कबीर सिंहासन धाम समिति द्वारा संत कबीर प्रकटोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हिवार भवन सिद्धार्थ चौक टिकरापारा से कबीर सिंहासन धाम भाग-1 बोरियाखुर्द तक धूमधाम से कलश यात्रा निकाली गई। इसके बाद काठाडीह सिंहासन धाम में भजन गायन, कबीर वंदन, चौका आरती का कार्यक्रम और भोजन प्रसाद का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में महंत बुधारी दास तथा महंत वल्लभदास द्वारा कबीर साहेब के विचार तथा उनके लीलाओं का व्याख्यान किया गया। बोरियाखुर्द कबीरपंथ विकास समिति के सचिव ने बताया कि कार्यक्रम में राजेश हिवार, कमला हिवार, सावित्री हिवार के अलावा सदस्य प्रकाश, कुलदीप, मंजू और विकासराज, प्रीति दास, भूपेश दास, आशा दास आदि शामिल थे।

### दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरण की बैठक

रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य दत्तक ग्रहण संसाधन अभिकरण की शासी निकाय की बैठक सोमवार को मंत्रालय महानदी भवन में महिला एवं बाल विकास विभाग की सचिव तथा दत्तक ग्रहण अभिकरण की शासी निकाय की अध्यक्ष शम्मी आबिदी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में वर्ष 2023-24 तथा 2024-25 में दत्तक ग्रहण प्रकरणों की समीक्षा की गई।

# रिकार्ड में 52 हजार मीट्रिक टन धान सोसाइटियों में, जांच में मिला तीन हजार, होगी जांच

**हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर**

अलग खबर

छत्तीसगढ़ में पिछले खरीफ सीजन में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान 149 लाख मीट्रिक में से करीब 52 हजार मीट्रिक टन धान सोसाइटियों में जमा है। यह तथ्य खाद्य विभाग की वेबसाइट का रिकार्ड बता रहा है, लेकिन सोसाइटियों की जांच करने के बाद ये बात सामने आ रही है कि सोसाइटियों में केवल तीन हजार मीट्रिक टन धान बचा है। बड़ा सवाल ये है कि यह धान कहां गया? इस संबंध में मार्कफेड के एमडी रमेश शर्मा ने कहा है कि सोसाइटियों से पूछा जाएगा कि ये धान कहां गया। आंकड़ों का मिलान कर पूरी जांच की जाएगी। राज्य सरकार ने खरीफ सीजन 2023-24 में नवंबर 2023 से 4 फरवरी के बीच प्रदेश के सभी जिलों में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की थी। पूरे सीजन में 149 लाख मीट्रिक टन धान की रिकार्ड खरीदी की गई थी। धान खरीदी के साथ ही मिलरों को कस्टम मिलिंग के लिए सोसाइटियों से धान दिया जा रहा था, लेकिन इसके बाद 24 जून की स्थिति में रिकार्ड के मुताबिक सोसाइटियों (उपार्जन केंद्रो) में बाकी धान की मात्रा 52 हजार 402 मीट्रिक टन दिख रही है। मोटे तौर पर देखा जाए तो ये दिखता है कि सोसाइटियों से धान का उठाव (परिवहन) नहीं हो सका है।

## 25 जिलों की सोसाइटियों में बाकी था धान, कहां गया, होगी पूछताछ

### सोसाइटियों में बचा है मात्र 3 हजार टन

सोसाइटियों में जब बाकी बचे धान की मात्रा की जांच की गई तो पाया गया कि मात्र 3 हजार मीट्रिक टन धान ही बाकी है। इस बात पुष्टि मार्कफेड के एमडी रमेश शर्मा ने की है। उन्होंने कहा है कि सोसाइटियों से पूछा जाएगा कि उनके पास से धान कहां गया, ये धान सूखत के कारण वजन कम होने से कम हो गया या कोई और कारण हैं। उन्होंने कहा कि जो बाकी बचा धान है, उसे तीन दिनों में उठा लिया जाएगा। इसके बाद डाटा मिलान करेंगे। सोसाइटियों से जानकारी लेंगे।



### इन जिलों में बाकी दिख रहा है धान

सरकारी वेबसाईट के रिकार्ड के मुताबिक इन जिलों की सोसाइटियों (धान उपार्जन केंद्रो) में धान की बची मात्रा दिख रही है। इनमें बस्तर, बीजापुर,कांकेर, कोंडागांव, सुकमा, बिलासपुर, मुंगेली, रायगढ़, सक्ती, सारंगढ़, बिलाईगढ़, बालोद, बेमेतरा, कर्वधा, राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, मोहला-मानपुर-चौकी, बलौदाबाजार, धमतरी, गरियाबंद, महासमुंद, बलरामपुर, जशपुर, कोरिया, सरगुजा, शामिल है। हालांकि कई जिलों में धान का पूरा उठाव होने के बाद वहां बाकी धान की मात्रा शून्य दिख रही है।

## एमआईसी बैठक में परिसीमन पर चर्चा

# महापौर ढेबर ने कहा- मापदंड के अनुसार होगा तो समर्थन देंगे, नहीं तो जाएंगे कोर्ट

**हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर**

मेयर इन काउंसिल की बैठक में मंगलवार को निगम क्षेत्र में प्रस्तावित वार्डों के परिसीमन पर चर्चा हुई। इसमें एमआईसी सदस्यों ने कहा कि परिसीमन मापदंड के अनुसार होगा, तो इसे समर्थन देंगे, नहीं तो इसका विरोध करेंगे। महापौर एजाज ढेबर ने कहा कि वर्ष 2019 में 2011 की जनसंख्या के आधार पर वार्डों का परिसीमन हुआ था। इस बार भी इसी आधार पर परिसीमन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर सही मापदंड से परिसीमन किया जाएगा, तो एमआईसी भी इसका समर्थन करेगी, लेकिन अगर मापदंड से नहीं हुआ, तो इसके विरोध में कोर्ट भी जाएंगे।

निगम मुख्यालय में मंगलवार को महापौर एजाज ढेबर की अध्यक्षता में एमआईसी की बैठक हुई। इस बैठक में 5 एजेंडे लाए गए थे, जिन्हें सर्वसम्मति से पारित किया गया। इसके अलावा बैठक में नगरीय निकाय चुनाव से पहले निगम क्षेत्र के वार्डों में होने वाले परिसीमन को लेकर भी चर्चा की गई। बैठक में एमआईसी सदस्यों के बीच सहमति बनी कि परिसीमन को इसी शर्त पर समर्थन देंगे कि सभी वार्डों की जनसंख्या में ज्यादा अंतर न हो। यानी अगर एक वार्ड की जनसंख्या 14 हजार है, तो दूसरे वार्ड की जनसंख्या भी उसके जितनी या उसके करीब हो। यानी वार्डों की जनसंख्या का डिफरेंस 5 प्रतिशत से ज्यादा नहीं होना चाहिए। महापौर ने परिसीमन को लेकर मापदंड सार्वजनिक नहीं किए जाने पर नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि परिसीमन किन मापदंडों के अनुसार कराया गया है इसकी जानकारी किसी भी पार्षद को नहीं है। ऐसे में अगर परिसीमन में मापदंड का पालन नहीं किया गया, तो इसके विरोध में हम कोर्ट भी जाएंगे। एमआईसी सदस्य सुरेश चन्नावार ने कहा कि परिसीमन को लेकर हमारा कोई विरोध नहीं है। परिसीमन नियम के अनुसार होना चाहिए। ज्ञानेश शर्मा ने भी कहा कि परिसीमन होना चाहिए यह वार्ड की जनता के हित में है। परिसीमन मापदंड के अनुसार होना चाहिए।




### पूर्व परिसीमन में कुछ त्रुटियां हुई हैं, जनता के हित में सुधारा जाना जरूरी

इधर नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे का इस मामले में कहना है कि पूर्व में हुए परिसीमन के दौरान किसी-किसी वार्ड की सीमा को लेकर त्रुटियां हुई हैं। इसके कारण उन वार्डों में विकास कार्य कराने में पार्षदों को भी कई तरह की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसके कारण उस वार्ड की जनता को परेशानी होती है। नए सिरे से परिसीमन होने से पूर्व में हुई त्रुटियां खत्म हो जाएंगी। इससे पार्षद भी अपने-अपने वार्ड में विकास कार्य करा पाएंगे, जिससे जनता की समस्या दूर होगी। उन्होंने कहा कि कोई भी पार्षद चुनाव में हमेशा जीते ऐसा मुमकिन नहीं है, क्योंकि इसका फैसला जनता करती है। परिसीमन जनता के हित व भविष्य को देखते हुए किया जाता है, इसलिए इसका विरोध करना गलत होगा।

### इन एजेंडों पर लगी मुहर

- एमआईसी में निगम वित्त विभाग का प्रस्ताव लाया गया, जिसमें 11 अधिकारियों एवं कर्मचारियों के चिकित्सा प्रतिपूर्ति व्यय राशि के रूप में 7 लाख 88 हजार 706 रुपये भुगतान करने की स्वीकृति दी गई।
- जोन-10 क्षेत्र के रानी दुर्गावती वार्ड नंबर 50 के अंतर्गत राम मंदिर के पास नाला निर्माण कार्य के लिए 1 करोड़ 98 लाख 76 हजार रुपए प्रस्ताव को मिली मंजूरी।
- एमआईसी में वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक मुक्तानंद चंद्राकर के संविदा नियुक्ति संबंधी प्रस्ताव लाया गया था। वे 30 जून को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। निगम सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से लाए गए प्रस्ताव पर एमआईसी ने मुहर लगाई है। हालांकि इस प्रस्ताव को अंतिम मंजूरी के लिए शासन को भेजा जाएगा।
- एमआईसी में कांजी हॉउस स्थित भूतल दुकान क्रमांक 6 के लीज नवीनीकरण प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई है। जोन 4 राजस्व विभाग की ओर से प्रस्ताव लाया गया था।

## आश्वासन के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी संघ की हड़ताल स्थगित

**हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर**

योग दिवस से प्रारंभ हुई सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों की हड़ताल चौथे दिन स्थगित कर दी गई है। टीम बनाकर उनकी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया गया है, जिसके बाद उन्होंने काम पर लौटने का फैसला लिया है। सीएचओ द्वारा लंबित मानदेय और सही तिथि पर भुगतान सहित तीन सूत्रीय मांगों को लेकर 21 जून से हड़ताल पर थे। जिला मुख्यालय स्तर पर उनके द्वारा धरना प्रदर्शन के माध्यम से अपना विरोध जताया जा रहा था। सीएचओ की इस हड़ताल को प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ द्वारा भी समर्थन दिया गया था। सोमवार को उनकी मांगों पर एनएचएम के अधिकारियों से चर्चा हुई और उन्होंने हड़ताल स्थगित करने की घोषणा कर दी। सीएचओ संगठन के संयोजक प्रफुल्ल कुमार ने बताया कि अधिकारियों ने कहा है कि कार्य आधारित मानदेय समस्त जिला में स्थानांतरित कर दिया गया है, जिसके समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों का माह 2024 तक पूर्ण भुगतान किया जायेगा।

## सिंधी समाज के मिट्री माइट्री डॉट कॉम का शुभारंभ आज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत द्वारा सिंधी समाज में युवक-युवतियों के रिश्ते में आ रही परेशानियों को देखते हुए समाज की सुविधा के लिए मिट्री माइट्री डॉट कॉम पोर्टल का शुभारंभ 26 जून को किया जाएगा। यह शुभारंभ शदाणी दरबार के संत डॉ. युधिष्ठिर लाल करेंगे। इस मौके पर प्रदेशाध्यक्ष महेश दरयानी और सुभाष बजाज ने बताया कि इस आयोजन के अलावा छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत की बहुप्रतीक्षित कार्यकारिणी की घोषणा भी 26 जून को संतों की उपस्थिति में की जाएगी। इसी दौरान संयोजक बलराम आहूजा व तनेश आहूजा ने बताया कि समाज में विगत कई वर्षों से युवक-युवतियों के रिश्ते में अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और यह समस्या लगभग पूरे भारतवर्ष में सिंधी समाज के युवक-युवतियों के लिए निरंतर महसूस की जा रही है। इन सभी समस्याओं के निराकरण के लिए तथा रिश्ते सुचारू रूप से तय हों।

## समाज में शांति के साथ विकास के लिए कृत-संकल्पित है छत्तीसगढ़ सरकार



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में हमारी सरकार हर समाज में शांति एवं सद्भावना बनाए रखने के साथ विकास के लिए कृत-संकल्पित है। सरकार के इस कार्य को अंजाम देने में शांति और अहिंसा के मार्ग पर चलने वाले सतनामी समाज का भी पूर्ण सहयोग है। ये बातें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोमवार को राजधानी स्थित अपने निवास कार्यालय में राजागुरु धर्मगुरु गुरु बालदास साहेब के नेतृत्व में आए सतनामी समाज के प्रतिनिधिमंडल से चर्चा के दौरान कही। इस अवसर पर आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब सहित प्रदेशभर से आए सतनामी समाज के राजमहंत भी उपस्थित थे। इस मौके पर मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त करते हुए कहा कि हाल ही में बलौदाबाजार जिले की घटना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। इसमें दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई होगी। उन्होंने समाज के लोगों को भरोसा दिलाया कि शासन-प्रशासन द्वारा की जाने वाली कार्रवाई पूर्णतः न्यायसंगत होगी। इस अवसर पर सतनामी समाज से राजमाता गुरुमाता प्रवीण माताजी, गुरु सोमेश बाबा, गुरु सौरभ साहेब सहित राजमहंत जैत कुमार सतनामी, राजमहंत अनूप सतनामी, राजमहंत कामता प्रसाद, राजमहंत कुंजन सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## अब तक जारी नहीं हुई विस सत्र की अधिसूचना

**हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर**

छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र की अधिसूचना अब तक जारी नहीं पाई है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने मानसून सत्र को लेकर प्रस्ताव संसदीय कार्य विभाग को भेजा था। प्रस्ताव पर अब तक स्वीकृति नहीं मिलने के कारण विधानसभा सत्र की अधिसूचना जारी नहीं हो पाई है।




13 जून को विधानसभा अध्यक्ष ने इस संबंध में मीडिया से कहा था 22 जुलाई से मानसून सत्र आहूत किया जाएगा। सत्र के लिए अधिसूचना एक माह पूर्व जारी की जाती है। अधिसूचना जारी नहीं होने को लेकर कहा जा रहा है कि कहीं तारीखों में परिवर्तन तो नहीं हो रहा। नियमानुसार विधानसभा सत्र की अधिसूचना जारी होने के बाद लगभग 20 दिन सवाल लगाने के लिए सदस्यों को समय दिया जाता है। विधानसभा सचिव दिनेश शर्मा ने बताया कि अभी तक सचिवालय को कोई सूचना नहीं मिली है। सूचना मिलने के बाद अधिसूचना जारी होने के बाद आगे की प्रक्रिया शुरू होगी। भाजपा सरकार के शपथ लेने के बाद अब तक दो सत्र हो चुका है। मार्च में बजट सत्र के बाद मानसून सत्र की तैयारी है। राज्य सरकार के छह माह का कार्यकाल पूरा होने के बाद सरकार के कामकाज और अब तक हुई घटनाओं को लेकर विपक्ष पूरी नजर बनाए हुए है। आने वाले दिनों में अधिसूचना जारी होने के बाद विधायक अपने सवाल लगाने शुरू करेंगे।

# सुशासन एवं अभिसरण विभाग में मर्ज होगा नवाचार आयोग

**हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर**

राज्य सरकार नवाचार आयोग को नए विभाग सुशासन एवं अभिसरण विभाग में मर्ज करने जा रही है। वित्त विभाग को प्रस्ताव भेजा गया है, जहां से मंजूरी मिलते ही आयोग को बंद कर दिया जाएगा। कांग्रेस सरकार ने फरवरी में इसके गठन की अधिसूचना जारी की थी। कांग्रेस सरकार के बदलते ही जनवरी में विवेक ढांड ने इस्तीफा दे दिया था, इसके बाद से आयोग में काम ठप हो गया था। सचिव आरके सिंह का कार्यकाल भी 21 जून को खत्म हो गया है।

नवाचार आयोग के लिए कांग्रेस सरकार के समय अलग से बजट जारी किया गया था। बजट में राज्य नवाचार आयोग के लिए 1.25 करोड़ रुपये बजट प्रावधान किया गया था। आदिम जाति कल्याण आयोग परिसर में इसका कार्यालय था। अध्यक्ष और सचिव के कमरे को तैयार करने लाखों रुपये खर्च हुए थे। मार्च 2024 तक 90 लाख 19 हजार रुपये खर्च हुए हैं। 2024-25 में भी आयोग को 1.25 करोड़ के बजट का आवंटन हुआ था। आयोग बनने के बाद इसकी कई बैठकें हुईं। आयोग ने सात सुझाव सरकार को भेजे थे। इनमें आयोग ने खुद को भी बंद करने का सुझाव भी दिया था। राज्य शासन ने नवाचार को नए विभाग सुशासन और अभिसरण में शामिल करते हुए जनकल्याणकारी नीतियों के सफल क्रियान्वयन, संसाधनों के सर्वोत्तम उपयोग के लिए और जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के लिए पृथक रूप से सुशासन एवं अभिसरण विभाग का गठन मार्च में किया।



### सुशासन एवं अभिसरण विभाग का कार्य

भाजपा सरकार ने नए विभाग के रूप छत्तीसगढ़ सुशासन एवं अभिसरण विभाग का गठन किया है। विभाग में प्रशासन के सभी स्तरों पर डिजिटलाइजेशन को बढ़ावा देते हुए इसके माध्यम से पारदर्शिता सुनिश्चित की जाएगी। विभाग नये विचारों एवं क्रिया विधि के संबंध में शोध और प्रशासनिक सुधार के कार्य भी करेगा। विभाग से सुशासन फेलोशिप और मुख्यमंत्री लोक प्रशासन में उत्कृष्टता पुरस्कार प्रदाय किया जाएगा। विभाग के अंतर्गत नीति विश्लेषण शिक्षण संस्थान और छत्तीसगढ़ राज्य नवाचार आयोग को इसमें रखा गया है।

# भाजपा सरकार में 10 साल से अघोषित आपातकाल चल रहा

**हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर**

> ■ संविधान खतरे में है, इसे बदलने की बात कही जा रही : बैज

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, आपातकाल का विरोध करने वाली भाजपा की सरकार ने 10 साल से देश में अघोषित आपातकाल लगा रखा है। संविधान खतरे में है, इसे बदलने की बात कही जा रही है। संवैधानिक संस्थाएं स्वतंत्र होकर काम नहीं कर पा रही हैं। लोकतंत्र का गला घोंटा जा रहा है, आम जनता पर टैक्स लादा जा रहा है। बढ़ती महंगाई बेरोजगारी से हर वर्ग हताश और परेशान है।



उन्होंने कहा, जनता मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रही है। व्यापारी वर्ग डरा हुआ है, देश की संपत्तियां बिक रही हैं, यह असल मायने में आपातकाल है। 10 साल से देश में आपातकाल का दो कालखण्ड चल रहा था। अब तीसरा कालखण्ड शुरू हुआ है। आपातकाल का विरोध करने वाले संघ, भाजपा एवं अन्य दल के नेता अब खुद अपनी सरकार में खुलकर बोलने से डर रहे हैं। जो लोकतंत्र के सेनानी खुद को बताते थे, वह छिपे हुए बैठे हैं, सिर्फ पेंशन लेने के लिए सामने आते हैं। देश में लोकतंत्र के अधिकारों का उपयोग करने से रोका जाता है, किसान नौजवान आंदोलन करें, तो उन्हें देशद्रोही ठहराया जाता है। विपक्ष को डराया धमकाया जाता है। सदन से लेकर सड़क तक जनता के सवाल उठाने वालों की आवाज को दबाने सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग किया जाता है। देश के संवैधानिक इतिहास में जितने अलोकतांत्रिक फैसले मोदी राज में हुए, उतने आज तक कभी नहीं हुए। असलियत यही है कि भाजपा और आरएसएस का मूल चरित्र ही लोकतंत्र विरोधी है।

## हर प्लांट में 15 दिनों से ज्यादा का स्टॉक, बारिश में नहीं होगी परेशानी

# मड़वा पॉवर प्लांट में भी इस बार मानसून के लिए भरपूर कोयला

**हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर**

मानसून में छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी के प्लांट में मड़वा में आमतौर पर कोयले के स्टॉक को लेकर परेशानी होती थी, लेकिन इस बार मानसून के लिए मड़वा में 3.30 लाख टन कोयले का स्टॉक है। यह स्टॉक 20 दिनों से ज्यादा का है। इसी के साथ कोरबा वेस्ट और श्यामाप्रसाद मुखर्जी तापगृह में भी 15-15 दिनों से ज्यादा का स्टॉक है। मानसून में अगर भारी बारिश के कारण कोयले की आपूर्ति बाधित होती है तो भी बिजली उत्पादन में परेशानी नहीं होगी। मानसून के लिए छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर उत्पादन कंपनी हमेशा से ही पहले से कोयले का स्टॉक करने का काम करती है। नियम से कम से कम 15 दिनों का स्टॉक रहना चाहिए। अब तक मानसून से पहले कंपनी सभी प्लांट में 15 दिनों से ज्यादा का स्टॉक करती है, लेकिन मड़वा में स्थान की कमी के चलते ऐसा नहीं हो पाता था। ऐसे में मड़वा में करीब एक सप्ताह के आसपास का ही स्टॉक रहता था। मानसून में भारी बारिश होने पर मड़वा के प्लांट के प्रभावित होने का हमेशा खतरा रहता था। इसके लिए लगातार तैयारी की जा रही थी। अब वहां पर पर्याप्त स्टाक रखने का स्थान होने के कारण इस बार सबसे ज्यादा कोयले का स्टॉक मड़वा में है। इस प्लांट में 500 मेगावाट के दो यूनिट है। इन में रोज 16 हजार टन कोयला लगता है। ऐसे में इस समय इस प्लांट में 3.30 लाख टन कोयले का स्टॉक है।



### दूसरे प्लांटों में भी परेशानी नहीं

छत्तीसगढ़ राज्य उत्पादन कंपनी के कोरबा वेस्ट के प्लांट में जहां कन्वेयर बेल्ट से 14 किलोमीटर दूर से कोयला आता है, वहीं श्यामा प्रसाद मुखर्जी प्लांट के लिए कोयला ट्रेन से आता है। कोरबा वेस्ट में 210 मेगावाट के चार और एक पांच सौ मेगावाट का प्लांट है। श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप गृह में 250 मेगावाट के दो प्लांट हैं। इन दोनों में भी 15 दिनों से ज्यादा का स्टॉक है। इनमें स्टॉक रखने का पर्याप्त स्थान होने के कारण कभी परेशानी नहीं होती।

### पर्याप्त स्टॉक

मानसून के लिए सभी प्लांट में पर्याप्त कोयले का स्टॉक है। आमतौर पर मड़वा को लेकर परेशानी होती थी, लेकिन यहां पर 20 दिनों का स्टॉक है।

- संजीव कुमार कटियार
एमडी, उत्पादन कंपनी

## खबर संक्षेप

### अग्निवीर भर्ती के लिए पब्लिसिटी ड्राइव आयोजित

**महासमुंद।** कलेक्टर प्रभात मलिक के निर्देशन में जिले के समस्त विकासखंडों में 26 जून से 28 जून 2024 तक अग्निवीर वायुसेना भर्ती के लिए पब्लिसिटी ड्राइव का आयोजन किया जाना है। जिसके लिए प्रत्येक विकासखंड के लिए स्थान तिथि एवं समय का निर्धारण किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि महासमुंद विकासखंड में 26 जून को दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक सेजेस (स्वामी आत्मानंद) हिंदी माध्यम विद्यालय महासमुंद में पब्लिसिटी ड्राइव का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह 27 जून को सरायपाली विकासखंड अंतर्गत सेजेस सरायपाली में प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक एवं बसना विकासखंड अंतर्गत सेजेस बसना में दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजन किया जाएगा। इसी तरह 28 जून को पिथौरा विकासखंड अंतर्गत सेजेस सांकरा में प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक एवं बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत सेजेस बागबाहरा में दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक पब्लिसिटी ड्राइव का आयोजन किया जाएगा।

### क्रिश्चियन फोरम का आरोप- निर्दोषों पर हो रही कार्रवाई



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में अराजकता का माहौल है। कानून व्यवस्था खत्म हो गई है। निर्दोष आदिवासी नक्सल के बहाने मारे जा रहे हैं। 27 गंभीर हमले महिलाओं व धर्मस्थलों पर हुए हैं। एफआईआर तो दूर, शिकायत तक नहीं ली जा रही है। इन तमाम मुद्दों को लेकर सोमवार को छत्तीसगढ़ क्रिश्चियन फोरम के अध्यक्ष अरुण पन्नालाल ने पत्रकारवार्ता में बताया कि मोतीबाग से कलेक्टर कार्यालय तक समाज के लोगों द्वारा रैली निकाली जाएगी। साथ ही राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को शिकायत पत्र सौंपा जाएगा। इसके माध्यम से मांग की जाएगी कि पुलिस प्रशासन मामले की जांच करने के बाद कार्रवाई करे।

# सभी स्कूलों में मनाया जाए शाला प्रवेशोत्सव: कलेक्टर

## कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद





कलेक्टर प्रभात मलिक ने समय सीमा की बैठक लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने 26 जून से शुरू होने वाले शाला प्रवेशोत्सव की तैयारियों की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि पालक, समुदाय और जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में शाला स्तर पर प्रवेशोत्सव मनाया जाए, इसके लिए आवश्यक तैयारी कर लें। उन्होंने कहा कि इस दौरान प्राइमरी एवं मिडिल स्कूलों में निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें और गणवेश भी वितरित किया जाए। जिला मिशन समन्वयक चंद्राकर ने बताया कि 26 से 30 जून तक प्रत्येक शालाओं में शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया जाएगा तथा ब्लॉक स्तर पर प्रवेशोत्सव का भी आयोजन किया जाएगा। जिसके लिए तैयारी कर ली गई है। कलेक्टर ने मातृत्व वंदना योजना के अंतर्गत ऐसे महिलाओं के नाम जोड़ने कहा है जो किसी कारणवश पात्र होते हुए भी छूट गए हैं। इसी तरह स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत आयुष्मान कार्ड बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक सप्ताह आयुष्मान की संख्या में प्रगति लाएं। कलेक्टर ने राशन कार्ड नवीनीकरण के लिए ग्राम पंचायत सचिवों से तालमेल बिठाकर छूटे हुए हितग्राहियों का 30 जून तक की स्थिति में नवीनीकरण करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर मलिक ने सभी विभागीय अधिकारियों को केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं की अद्यतन जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सभी योजनाओं की समीक्षा की जाएगी। अतः सभी पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। इसके अलावा खाद बीज भंडारण और वितरण की जानकारी ली गई। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी उमेश साहू सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

# कार्यकर्ताओं का आभार जताने सरायपाली पहुंचे ताम्रध्वज

## पार्टी के सभी समर्थकों और कार्यकर्ताओं का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली



महासमुंद लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी रहे पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करने के लिए सरायपाली पहुंचे।

इस अवसर पर कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू ने कहा कि पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं और समर्थकों का आभार प्रकट करता हूं, जिन्होंने पूरी लगन और निष्ठा के साथ निर्वाचन क्षेत्र और पार्टी की सेवा में जीत तोड़ मेहनत की। उन्होंने सरायपाली क्षेत्र में कांग्रेस को मिले अपार समर्थन और स्नेह के लिए आम जनता का भी आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम को क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पार्टी की जीत के लिए कांग्रेस पार्टी के एक एक कार्यकर्ता रात दिन जुटे रहे भले ही परिणाम हमारे पक्ष में नहीं आए लेकिन सबकी एकजुटता से पार्टी को निश्चित रूप से मजबूती मिली।

कार्यक्रम में ग्रामीण ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पुष्पेंद्र पटेल, शहर अध्यक्ष आरएन आदित्य, वरिष्ठ कांग्रेस नेता विश्वनाथ नायक, आदिवासी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मोहन लाल भोई, कांग्रेस कार्यकर्ता रामदयाल पटेल, कांग्रेस सेवादल के जिलाध्यक्ष लिलाकांत पटेल, पूर्व मंडी अध्यक्ष सीता पटेल, कांग्रेस प्रदेश सचिव दीपांजलि बारीक, रिमजी सरपंच साधराम पटेल, पिंगल गार्डिया, पार्षद सुरेश भोई, युवा कांग्रेस शहर अध्यक्ष भरत मेश्राम, तन्मय पंडा, रमेश पटेल, घसिया सिदार, पदमलोचन पटेल, महेंद्र वैष्णव, श्रवण पटेल, संतलाल बारीक, श्रीराम मानिकपुरी, तिरिथ बाई मानिकपुरी, क्षमानिधि साहू, सोनसाय बरिहा, सत्या भोई, डॉ बेरैंची बेताल, विजय यादव, नरेंद्र साहू, रामदयाल पटेल, गिरवर बारे, प्रभात पटेल, केशव चौधरी, निर्मल, नीलांचल, मनोज पटेल, नीलांबर सोनी, प्रमोद ग्वाल, परशु चौहान, कमला साहू, भोजराम साहू, नसीब खान,आरिफ अली पिंकी, केशव अग्रवाल, मीरा जमींदार, एनएसयूआई प्रदेश सह संयोजक जयंत यादव, दुष्यंत साहू, विभीषण चौहान समेत कांग्रेस कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# उत्कल समाज ने लिया रथयात्रा पर्व को धूमधाम से मनाने का निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शंकरचार्य भवन में उत्कल गांडा समाज की बैठक हुई। बैठक में उत्कल समाज का सबसे बड़े पर्व प्रभु जगन्नाथ के रथ यात्रा को धूमधाम से मनाए जाने को लेकर विचार विमर्श किया गया। जिसमें तय किया गया कि शहर में जितने भी वार्डों में उत्कल गांडा समाज के लोग निवास करते है, उनके वार्डों में जाकर बैठक ली जाएगी। और रथ यात्रा पर्व की जानकारी दी जाएगी। सपरिवार रथ यात्रा में शामिल होने का आह्वान किया जाएगा। वार्डों में बैठक लेने प्रभारी भी नियुक्त किया गया। बैठक में रथ यात्रा में संबलपुरी बाजा भी लगाने का निर्णय लिया गया। रथ यात्रा में शामिल होने के लिए न्यू मंडी रोड श्रीराम पाठशाला के सामने दुर्गा पंडाल में एकत्रीकरण होना तय किया गया। तत्पशात सभी बाजे गाजे के साथ गजामूंग का प्रसाद वितरण करते हुए नेहरू चौक में प्रभु जगन्नाथ, बलभद्र, सुभद्रा के रथ का स्वागत करेंगे और रथ के आगे आगे चल कर रथ यात्रा का अगुवाई करेंगे। बैठक में प्रमुख रूप से पार्षद व समाज प्रमुख बबलू हरपाल, पूर्व पार्षद सोनाधर सोनवानी, सूरज नायक, दशरथ महानंद, दीपक नायक, सुरेंद्र महानंद, सुनील नायक, जगन्नाथ छुरा, रविंद्र महानंद, सुदर्शन कुमार, मनोज कुलदीप, विक्की महानंद, कन्हैया नायक, बबलू नायक, गौतम जगत, ललित महानन्द, तरुण कुमार, कान्हा प्रधान, राजेंद्र नायक, वेदप्रकाश नायक, अरुण तांडी, रिंकू महानंद, बनवासो कुमार प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# आपातकाल के दौर में हुए अत्याचारों को किया गया याद, मीसाबंदियों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद




मंगलवार को जिला बीजेपी कार्यालय में 25 जून काला दिवस पर देश में लगाए गए आपातकाल के विरोध में आयोजित कार्यक्रम में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा शामिल हुए। कार्यक्रम में उपस्थित पार्टी के पदाधिकारियों ने आपातकाल के संबंध में अपने-अपने विचार व्यक्त किए। साथ ही कार्यक्रम में मीसाबंदियों का शॉल व श्रीफल से सम्मान किया गया।

इस दौरान विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि आज हमारे देश के इतिहास का काला दिन है। 25 जून 1975 को तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने देश में आपातकाल लगाया था। यह समय तत्कालीन प्रधानमंत्री की मनमानियों का दौर था। स्वतंत्र भारत के इतिहास में यह सबसे विवादास्पद और अलोकतांत्रिक काल था। आपातकाल में चुनाव स्थगित हो गए और नागरिक अधिकारों को समाप्त कर मनमानी की गई। वर्तमान में विपक्ष में बैठी कांग्रेस लगातार हमारे केंद्र की सरकार पर लोकतंत्र की हत्या का आरोप लगाती है। यह आरोप लगाने से पहले उन्हें अपने पार्टी के इतिहास के बारे में पढ़ लेना चाहिए। किस प्रकार उस दौर में अत्याचार हुए। आपातकाल के समय राजनीतिक विरोधियों को कैद कर लिया गया और प्रेस पर प्रतिबंधित लगा दिया गया। यह हमारे देश की लोकतंत्र की सबसे बड़ी हत्या थी। इस दौरान विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, बसना विधायक संपत अग्रवाल, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष संजय शर्मा, जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर, शहर मंडल अध्यक्ष सतपाल सिंह पाली, तुमगांव नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश चंद्राकर, उपाध्यक्ष पप्पू पटेल, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुधा साहू, मंडल महामंत्री प्रकाश शर्मा, पार्षद मीना वर्मा, महेंद्र जैन, पवन पटेल सहित भाजपा के पदाधिकारी,कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सजातीय लोगों की मौत को बताया हत्या, आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



मुस्लिम समाज ने सोमवार को आरंग क्षेत्र में पिछले दिनों तीन सजातीय युवकों की हत्या को सांप्रदायिक सौहार्द्र बिगाड़ने की साजिश बताते हुए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

मुस्लिम जमात जामा मस्जिद के सदर इशाक चौहान व गौसिया मस्जिद के सदर शकील खान ने कहा कि छत्तीसगढ़ के सामाजिक सद्भाव व धार्मिक एकता को बिगाड़ने के उद्देश्य से जानबूझकर कुछ दिन पूर्व महानदी पुल के ऊपर सजातीय चांद खां, गुड्डु खान और सद्दाम खान को असामाजिक तत्वों ने पहले मारपीट की। दो लोगों को महानदी पुल के नीचे फेंक दिया। वहीं तीसरे युवक सद्दाम की रायपुर में इलाज के दौरान मौत हो गई। इस गंभीर मामले में आरोपियों की अब तक गिरफ्तारी नहीं हुई है। मुस्लिम समाज ने अपराधियों के विरूद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी की मांग की। इस दौरान जाकिर राजा, इमरान राजा, गुलाम मोहम्मद तबरेज खान, यूनुस रजवानी, हफीज, अल्ताफ खान सिकंदर खान, रफीक कुरैशी, मोहम्मद हबीब, मोहम्मद सद्दाम, शेख उस्ताद मेमन, शाहिद अय्यूब, शब्बीर चौहान, फिरोज खान, अमिन राजा, मजहर हुसैन, अल्केश खान समेत बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग उपस्थित थे।



### पिकअप की टक्कर से पिता की मौत, बेटा घायल

**महासमुंद।** तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से बाइक में सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं घटना में मृतक का बेटा घायल हो गया। मामले की रिपोर्ट कोमाखान थाने में दर्ज कराई गई है। पुलिस को बंशीलाल यादव पिता दुकालू यादव (60 वर्ष) निवासी लोंदामुड़ा ने बताया कि मेरा दामाद अपनी बाइक सुपर एक्सेल क्र सीजी 06 जी 3390 से लोंदामुडा से चौकबेड़ा की ओर अपने बेटे गुलशन यादव को बिठाकर जा रहा था। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोमाखान के पास पहुंचने पर कोमाखान से नर्रा की ओर आ रही अशोक लीलैंड पिकअप (छोटा) सीजी 04 एलजेड 9337 के चालक ने वाहन को तेज रफ्तार एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। जिससे राजेंद्र यादव की घटना स्थल पर चोट लगने से मौत हो गई, एवं उसके बेटे गुलशन यादव के दाहिने पैर के घुटने, नीचे के होठ तथा अंदरूनी चोटें आई है। घटना की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 279, 337, 304 ए के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## जिला जेल में दंत परीक्षण, आयुर्वेद स्वास्थ्य एवं जागरुकता शिविर लगा



**महासमुंद।** जिला जेल में जिला चिकित्सालय के दंत चिकित्सकों की टीम डॉ. मालविका मसीह एवं डॉ. पदमिनी रौतिया एवं जिला आयुष विभाग की टीम डॉ. चंद्रजीत साहू एवं सहायक खोमन लाल साहू द्वारा 25 जून को एक दिवसीय दंत परीक्षण शिविर एवं आयुर्वेद स्वास्थ्य एवं जागरुकता शिविर का अयोजन किया गया। जिसमें जेल के परिरूद्ध बंदियों के दंत संबंधी परीक्षण कर उपचार एवं दंत सुरक्षा का उपाय बताया गया। वहीं आयुष विभाग टीम द्वारा आयुर्वेद स्वास्थ्य एवं जागरुगता से अवगत कराया गया एवं दवाई वितरण किया गया। शिविर में सहायक जेल अधीक्षक मुकेश प्रसाद कुशवाहा, जेल चिकित्साधिकारी डॉ संजय दवे, मोहन लाल ध्रुव मुख्य प्रहरी, रज्जन तिवारी मुप्र, हरिशंकर सोनी प्रहरी एवं परिरूद्ध बंदीगण उपस्थित रहे।

### ग्रेडेशन लिस्ट जारी होने के बाद पूरी होगी पदोन्नति की प्रक्रिया

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष संजय शर्मा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी और लोक शिक्षण संचालनालय की संचालक दिव्या मिश्रा से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षक एलबी संवर्ग को प्रथम नियुक्ति तिथि से पूर्व सेवा की गणना करने मांगपत्र सौंपा, जिस पर शिक्षा विभाग के सचिव ने कहा है कि वरिष्ठता सूची का अंतिम प्रकाशन कर शीघ्र पदोन्नति की प्रक्रिया पूरी की जाएगी, अन्य विषय पर भी समयानुसार निर्णय लिया जाएगा। इस मौके पर टीचर्स एसोसिएशन मुख्य मांगें, पूर्व सेवा के आधार पर पुरानी पेंशन के लिए कुल सेवा अवधि की गणना की जाए, पेंशन निर्धारण के लिए अर्हकारी सेवा 33 वर्ष के स्थान पर केंद्र सरकार की तरह 20 वर्ष की जाए, सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर की जाए, पूर्व सेवा अवधि के आधार पर क्रमोन्नति वेतनमान प्रदान किया जाए। ज्ञापन सौंपने वाले प्रतिनिधिमंडल में सुधीर प्रधान, बसंत चतुर्वेदी, मनोज सनाढ्य, सुखनंदन साहू, नारायण चौधरी, नंद कुमार साहू, डॉ. सीएल साहू, अतुल शर्मा आदि शामिल थे।

# जाम नालियों की कराई गई साफ-सफाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बरसात के मौसम में वार्ड में जलभराव न हो, इसके लिए नपा सभापति निखिलकांत साहू ने पालिका के सफाई कर्मियों को बुलाकर नगर के भलेसर रोड यादव पारा के नालियों में जमा कचरों की साफ-सफाई करवाई। साथ ही क्षतिग्रस्त नालियों की आवश्यक मरम्मत कार्य स्वयं उपस्थित होकर कराया।

निखिल ने कहा कि बरसात के मौसम में नाले व नालियों की सफाई न होने के कारण कई स्थानों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो जाती थी। जिसके कारण वार्डवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस बार बरसात से पूर्व ही वार्ड के सभी छोटी-बड़ी नालियों की ठीक ढंग से साफ सफाई कराई जा रही है, ताकि, आगामी बारिश के समय वार्डवासियों को असुविधा ना हो।

# अपराधों पर लगाम लगाने कमल विहार-भाठागांव व नवा रायपुर के सेक्टर 18 में पुलिस चौकी खोलने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के कमल विहार और भाठागांव के अलावा नवा रायपुर के सेक्टर-18 क्षेत्र में बढ़ती अपराधिक वारदातों को देखते हुए पुलिस प्रशासन अब इन तीनों क्षेत्रों में पुलिस चौकी खोलने की तैयारी में है। इसके लिए प्रस्ताव भी बनाया गया है। फिलहाल इन जगहों पर अपराध रोकने के लिए पुलिस सहायता केंद्र बनाए गए हैं, जहां पुलिस बल की ड्यूटी लगाई गई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह ने सिविल लाइन स्थित सी-4 भवन के सभाकक्ष में रायपुर जिले के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों की बैठक लेकर विभागीय कामकाज की समीक्षा की। उन्होंने बैठक में कहा कि छोटी-छोटी घटनाओं एवं कानून व्यवस्था को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई करें। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतें, क्योंकि छोटी घटना कभी भी बड़ा रूप ले सकती है। उन्होंने क्षेत्र के थाना प्रभारियों को चौकियां खोलने के लिए स्थान चिन्हांकित करने के लिए कहा है।

### पेंडिंग प्रकरणों का जल्द निराकरण करने के निर्देश

उन्होंने लंबित अपराध, मर्ग एवं गुम इंसान के प्रकरणों का जल्द से जल्द निराकरण करने, गुम इंसानों को विडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से भी दस्तयाब करने, लंबे समय से लंबित शिकायत पत्रों का 15 दिवस के भीतर अनिवार्य रूप से निराकरण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इसके अलावा पुराने प्रकरणों में फरार आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने के भी निर्देश दिए हैं।

### पुलिस प्रशासन ने फिलहाल सहायता केंद्र बना लगाया बल



### थाना प्रभारियों को चेतावनी

एसएसपी ने जिन थानों में अत्यधिक शिकायत लंबित है, उन थाना प्रभारियों को जल्द से जल्द शिकायतों को निराकृत करने संबंधी चेतावनी भी दी।

# वरिष्ठ रंगकर्मी रिजवी की बिगड़ी तबीयत, अस्पताल में किया भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध रंगकर्मी जलील रिजवी के गंभीर रूप से अस्वस्थ होने की खबर सामने आई है। उन्हें राजधानी रायपुर के एक निजी हास्पिटल में भर्ती कराया गया है। उनकी तबीयत बिगड़ने की खबर वायरल होने के बाद नाट्य एवं सिने जगत से जुड़े कलाकारों, रंगकर्मियों तथा प्रशंसकों ने उनके शीघ्र स्वस्थ होने एवं लंबी उम्र जीने की कामना की।

### बंगाल से रायपुर आया थियेटर

जलील रिजवी का कुछ माह पूर्व सोशल मीडिया पर एक इंटरव्यू वायरल हुआ है। इसमें उन्होंने बताया है कि रायपुर में थियेटर का आगाज बंगालियों ने किया है। इसे मराठियों ने भी आगे बढ़ाया, क्योंकि दोनों ही समाज में कला पाई जाती है। उनके अनुसार रायपुर में 70-80 के दशक में 16 से 17 नाट्य संस्थाएं थी। उस दौर में रामलीला और नौटंकी हुआ करती थी। शहर के टूरीहटरी इलाके में भी नाट्य मंचन हुआ करते थे। रेलवे इंस्टीट्यूट शुरुआती दौर के नाटक के गवाह भी रहे हैं। वे वर्ष 1924 से रंगकर्म के इतिहास से भी परिचित हैं।

### 30 से अधिक छोटे-बड़े नाटकों का निर्देशन

जलील रिजवी का छत्तीसगढ़ नाट्य जगत में बड़ा नाम है। उनके नाम की प्रसिद्धि उनके नाटकों की संख्या से ही लगाई जा सकती है। अब तक वे 30 से ज्यादा छोटे-बड़े नाटकों का निर्देशन कर चुके हैं। उनके दो नाटकों 'एक और द्रोणाचार्य' तथा 'ताम्रपत्र' को गजानन माधव मुक्तिबोध नाट्य स्पर्धा में कई श्रेणियों में पुरस्कार मिले थे।

**न्यायालय तहसीलदार बागबाहरा, जिला-महासमुंद (छ.ग.)**

**//ईश्तहार//**

क्रमांक /976/ तह./ वाचक/ 2024
बागबाहरा दिनांक 29/05/2024
रा.मा.क्र. ब/121, वर्ष 2023-24
ग्राम सोनापुटी प.ह.नं. 24 तहसील बागबाहरा

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता ग्राम सोनापुटी पहनं 24 रानिमं तेंदूकोना तहसील बागबाहरा जिला महासमुंद (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका विजय चंद्राकर पिता घनाराम चंद्राकर जाति कुर्मी निवासी सोनापुटी तहसील बागबाहरा जिला महासमुंद द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि मेरे पिता घनाराम का मृत्यु प्रमाण पत्र जाति कुर्मी की मृत्यु दिनांक 06/02/1987 को हो गई है। मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं होने के कारण शासकीय कार्य में परेशानी आ रही है। मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय किया जावे। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को उजार दावा या आपत्ति हो, तो पेशी तिथि 28/06/2024 को न्यायालयीन अवधि में लिखित में उजर दावा या आपत्ति स्वतः या अपने अभिभाषक के माध्यम से पेश कर सकते हैं। नियत समय बाद प्राप्त उजर दावा या आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी। आज दिनांक 29/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
बागबाहरा

**//आम सूचना//**

मेरे पक्षकार हेतु मेरे द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अहसानुल हक पिता मोहम्मद इजहारूल, निवासी दरगाह रोड, रिजवी गली. हांडी वाले बाबा के सामने मौहदापारा, रायपुर छ.ग. की भूमि स्वामी हक की भूमि वाके मौजा ग्राम बोरियाखुर्द, चन्द्रशेखर आजाद वार्ड क्र. 52, प.ह.नं. 71. रा.नि.म रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में स्थित परिवर्तित भूमि पर निर्मित मकान खसरा नं 33/46 रकबा 1034 वर्गफीट है, जिसके भूतल पर क्षेत्रफल 1034 वर्गफीट पर पक्का मकान निर्मित है। भूमि को क्रेता श्रीमती कृष्णा महिलांग, उम्र 40 वर्ष, पति श्री शोभराज महिलांग, निवासी वार्ड नं. 04. ग्राम व पोस्ट बिरकोनी, तहसील व जिला महासमुंद छ.ग. वाले को विक्रय करने का सौदा निष्पादित किया गया है, जिसके पश्चात उक्त भूमि का रजिस्ट्री बैनामा किया जाना है। अतः जिस किसी व्यक्ति, संस्था, फर्म कम्पनी अथवा विभागो को उक्त भूमि विक्रय का रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित किये जाने के संबंध में आपत्ति दावा हो तो इस उद्घोषणा के प्रकाशन के 07 दिन के भीतर मेरे कार्यालय में आकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है। उक्त नियत समयावधि के पश्चात कोई भी आपत्ति दावा मान्य नहीं किया जावेगा।

**सो सूचना जाने**

बी.आर. साहू
अधिवक्ता
सिविल कोर्ट परिसर महासमुंद (छ.ग.)
मो.नं. 9300323188

## खबर संक्षेप



### सहकारी बैंक में बैठने के लिए कुर्सी की व्यवस्था


नर्रा। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक शाखा कोमाखान परिसर में किसानों के बैठने के लिए कुर्सी की व्यवस्था जनपद पंचायत बाग बाहरा सभापति उत्तम राणा द्वारा की गई है। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा के अंतर्गत 14 सोसाइटियों के किसान राशि निकालने पहुंचते है। किसानों को सहूलियत मिले, इसके लिए कुर्सी की व्यवस्था की गई।

### आयुर्वेद चिकित्सकों के पांच साल पुराने पंजीयन का होगा नवीनीकरण

रायपुर। छग आयुर्वेदिक, यूनानी चिकित्सा पद्धति एवं प्राकृतिक चिकित्सा परिषद रायपुर द्वारा राज्य के विभिन्न आयुर्वेद संगठनों की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग (आचार एवं पंजीयन) विनिमय 2023 तथा आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के संबंध में वृहद चर्चा की गई। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि 1 जुलाई से परिषद में 30 जून 2019 के पूर्व पंजीकृत समस्त आयुर्वेद चिकित्सकों का पंजीयन नवीनीकरण प्रक्रिया आरंभ किया जाए।

## निधन

### जगमोहन चंद्राकर



महासमुंद। जिले के बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत जनपद सदस्य ग्राम गांजर निवासी जगमोहन चंद्राकर (63) का 25 जून को रायपुर के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वे हेमंत चंद्राकर के छोटे भाई थे। उनकी अंतिम यात्रा 26 जून को सुबह 10 बजे गृहग्राम गांजर से निकाली जाएगी।

### राजकुमारी मिश्रा



बागबाहरा। शहर के वार्ड क्रमांक 7 लालपुर निवासी राजकुमारी मिश्रा का हृदयघात से आकस्मिक निधन हो गया है। वे ह्यूमन प्राइड स्कूल के संचालक हरगोविंद मिश्रा की धर्मपत्नी एवं मदन मिश्रा, जीतू मिश्रा, संतोष मिश्रा, धनंजय मिश्रा की माता है।

## स्मरण: भाजपा जिला कार्यालय में आपातकाल को काला दिवस के रूप में मनाया

# दु:खद और जीवन का काला अध्याय रहा आपातकाल : मणिलाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- मीसाबंदी एवं उनके परिजनों का भाजपाइयों ने शाल श्रीफल और पुष्पगुच्छ भेंटकर किया सम्मान

जिला भाजपा कार्यालय में भाजपा कार्यकर्ताओं ने आपातकाल का काला दिवस मनाते हुए मगंलवार को मीसाबंदियों का सम्मान एवं विचार गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा, महासमुन्द विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, बसना विधायक संपत अग्रवाल, भाजपा कार्यकारी जिलाध्यक्ष संजय शर्मा, जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर, पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष राकेश चंद्राकर, मीसाबंदी मणिलाल चंद्राकर, स्व. अमृत साहू की धर्मपत्नी उर्मिला साहू सहित मंचस्थ पदाधिकारियों ने भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण, पूजार्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम में उपस्थित जिले के मीसाबंदी मणिलाल चंद्राकर ने आपातकाल में गिरफ्तारी के दौरान घटी पुलिसिया बर्बरता की आपबीती घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रताड़ना और पीड़ा का भयावह दौर हम कभी नही भूल सकते। जेल में बंद मीसाबंदियों पर कांग्रेसी सरकार के आदेश पर पुलिस की यातना लाठीचार्ज और गुनाहखोली में रखकर दी गई शारीरिक मानसिक प्रताड़ना मौत के मुंह मे धकेलने के समान थी। मणिलाल ने बताया कि जेल में उन्हें कइयो दिनों तक भूखे प्यासे रखकर माफीनामा देने पर छोड़ देने की शर्त रखी गई, जिससे उन्होंने इनकार कर दिया। इंदिरा गांधी के शासनकाल में हुए अमानवीय अत्याचार के विरोध में जब मीसाबंदियों ने जगह-जगह पर्चा बांटना और नारे लगाने शुरु किया, तब उनकी गिरफ्तारी कर जेल में बंद कर मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया।

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष कार्यक्रम की मुख्य वक्ता लक्ष्मी वर्मा ने इंदिरा गांधी के कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में लगाए आपातकाल को स्वतंत्र भारत का काला दिवस बताते कहा कि यह निर्णय लोकतंत्र की हत्या का कुत्सित प्रयास और देश को भय, आतंक में धकेलने की सुनियोजित साजिश थी। राष्ट्रहित में समर्पित देशभक्त संगठन आरएसएस और जनसंघ को खत्म करने का कांग्रेसी षड्यंत्र आपातकाल के दौरान रचा गया था। देश का इतिहास बताता है कि कांग्रेस के नेताओं को सत्ता मोह रहा है। देशभक्ति और जनसेवा से उन्हें कोई सरोकार नही रहा है। भाजपा के लिए सत्ता सेवा का माध्यम है। मीसाबंदियों की राष्ट्रभक्ति और त्याग, बलिदान को नमन करते हुए लक्ष्मी वर्मा ने कहा कि देश सदैव मीसाबंदियों का ऋणी रहेगा। कांग्रेसी शासनकाल में लगाए गए आपातकाल के दिनों का उल्लेख करते हुए विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, संपत अग्रवाल ने कहा कि 25 जून 1975 से 21 मार्च 1977 तक 21 माह का आपातकाल के समय देश के माथे पर लगा कलंक का टीका साबित हुआ है। इंदिरा गांधी की सरकार की तानाशाही रवैये के खिलाफ विरोध करने वाले स्वयं सेवकों को गिरफ्तार कर उन पर किया गया लाठीचार्ज निंदनीय घटना है।



### चौथे स्तंभ पर भी लगी थी बंदिशें

लोकतंत्र के चौथे आधार स्तंभ मीडिया पर भी सरकार ने बेन लगाकर उनके मौलिक अधिकारों का हनन किया गया। मीसाबंदियों का देशहित में किया गया समर्पण हम सभी के लिए प्रेरणादायक है। पूर्व विधायक परेश बागबाहरा, मीसाबंदी परिजन उर्मिला साहू, शमशेर सिंह शम्मी ने भी आपातकाल के संकटकाल का स्मरण करते हुए बताया कि उनके परिजन डॉ रमेश अग्रवाल, अमृतलाल साहू एवं जोगेंद्र टाइगर की गिरफ्तारी के बाद पूरा परिवार दुखों के साये में पहुंच गया। कोई भी पर्व या रस्मोरिवाज में घर के सदस्यों का साथ नहीं रहना बहुत कष्टदायक था, हमें गर्व है कि हम ऐसे देशसेवा में समर्पित राष्ट्रभक्तों के परिवार का हिस्सा है।

### मीसाबंदियों और परिजनों का हुआ सम्मान

कार्यक्रम के दौरान मीसाबंदी एवं उनके परिजनों का भाजपा पदाधिकारियों ने शाल श्रीफल और पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन शहर मण्डल अध्यक्ष सतपाल सिंघ पाली एवं आभार वरिष्ठ भाजपा नेता मांधव टांकसाले ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा के मण्डल अध्यक्षगण श्याम साकरकर, धरम पटेल, पप्पू पटेल, धरम दीवान, प्रेम साहू, स्मिता हितेश चंद्राकर, संदीप दीवान, सुधा साहू, रमेश साहू, मीना वर्मा सहित भाजपा एवं मोर्चा प्रकोष्ठ के प्रमुख पदाधिकारी और सभी प्रमुख कार्यकर्ता, शक्ति केन्द्र, बूथ समिति सदस्य और जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

## मांगों को लेकर टीचर्स एसोसिएशन ने की शिक्षा सचिव से मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्राचार्य व व्याख्याता के रिक्त पद पर एलबी संवर्ग की शीघ्र पदोन्नति, प्रथम नियुक्ति से सेवागणना कर पुरानी पेंशन लागू करने एवं क्रमोन्नति वेतनमान पूर्व सेवा से शीघ्र लागू समेत विभिन्न मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष संजय शर्मा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने स्कूल शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी व संचालक लोक शिक्षण संचालनालय दिव्या मिश्रा से मुलाकत मांग पत्र सौंपा।

प्रतिनिधि मंडल ने कहा है कि पूर्व सेवा (शिक्षाकर्मी के पद पर प्रथम नियुक्ति) के आधार पर पुरानी पेंशन के लिए कुल सेवा अवधि की गणना किया जाए। पेंशन निर्धारण के लिए अर्हकारी सेवा 33 वर्ष के स्थान पर केंद्र सरकार की तरह 20 वर्ष किया जाए। सहायक शिक्षकों के वेतन विसंगति को दूर किया जाए, पूर्व सेवा अवधि (प्रथम नियुक्ति तिथि) के आधार पर क्रमोन्नति वेतनमान प्रदान किया जाए। व्याख्याता संवर्ग से प्राचार्य के पदों पर पदोत्रति, छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा सेवा (शैक्षिक एवं प्रशासनिक संवर्ग) भर्ती तथा पदोन्नति नियम 5 मार्च 2019 के अनुसार व्याख्याता ई/टी, व्याख्याता ई/टी (एलबी) व प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला के लिए तय रेशियो के अनुसार किया जाए, प्रधान पाठक प्राथमिक शाला, शिक्षक, प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला व व्याख्याता के रिक्त समस्त पदों पर पदोन्नति किया जाए।

ज्ञात हो कि भर्ती व पदोन्नति नियम 2019 के आधार पर प्रधान पाठक प्राथमिक शाला व पूर्व माध्यमिक शाला एवं शिक्षक पद पर पदोन्नति किया जा चुका है। जबकि, अब तक उक्त नियम के आधार पर प्राचार्य व व्याख्याता के पदों पर पदोन्नति नहीं की गई है, अभी प्रदेश में 3400 प्राचार्य व व्याख्याता के हजारों पद रिक्त है, इससे शिक्षा गुणवत्ता प्रभावित हो रहा है। शिक्षा विभाग के सचिव ने कहा है कि वरिष्ठता सूची का अंतिम प्रकाशन कर शीघ्र पदोन्नति की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। अन्य विषय पर भी समयानुसार निर्णय लिया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष संजय शर्मा, प्रदेश संयोजक सुधीर प्रधान, प्रदेश उपाध्यक्ष बसंत चतुर्वेदी, प्रांतीय सचिव मनोज सनाढ्य, प्रदेश पदाधिकारी सुखनंदन साहू, महासमुंद जिलाध्यक्ष नारायण चौधरी, जिला सचिव नंद कुमार साहू, रायपुर जिला पदाधिकारी डॉ सीएल साहू, अतुल शर्मा शामिल रहे। उक्ताशय की जानकारी महासमुंद जिला सचिव नंदकुमार साहू और जिला मीडिया प्रभारी प्रदीप वर्मा ने दी।

## छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद के कार्यकारिणी सदस्य बने पाणिग्राही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा



समाजसेवी डॉ. विश्वनाथ पाणिग्राही को छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद का कार्यकारिणी सदस्य मनोनित किया गया है। छबाक परिषद के अध्यक्ष बृजमोहन अग्रवाल मंत्री स्कूल शिक्षा एवं उच्च शिक्षा छग शासन एवं सांसद रायपुर लोकसभा की अनुशंसा से यह नियुक्ति प्रदान की गई है। तदाशय का पत्र छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद के महासचिव चंद्रेश शाह द्वारा पाणिग्राही को प्रेषित किया गया है। गौरतलब है कि डॉ पाणीग्राही लंबे समय से पर्यावरण संरक्षण एवं समाज सेवा कार्यों तथा छराबाक परिषद से लंबे समय से जुड़े हैं। स्वास्थ, स्वच्छता, मतदाता जागरूकता, रेड क्रॉस सोसायटी, पीएनडीटी कमिटी महासमुंद, पूर्व तट रेलवे सलाहकार समिति संबलपुर से जुड़कर मानव सेवा एवं शासन के जनकल्याणकारी कार्यों की जागरूकता उनकी पहचान है। अपनी नियुक्ति के लिए डॉ पाणिग्राही ने सम्मानित अध्यक्ष बृजमोहन अग्रवाल का आभार व्यक्त किया है तथा वरिष्ठ उपाध्यक्ष लक्ष्मी रजवाड़े मंत्री महिला बाल विकास विभाग छत्तीसगढ़ शासन, उपाध्यक्ष डॉ अशोक त्रिपाठी, महासचिव चंद्रेश शाह, कोषाध्यक्ष इंदिरा जैन, पूर्व महासचिव राजेंद्र निगम सहित परिषद के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापन किया है तथा संकल्प व्यक्त किया कि पदाधिकारियों से प्राप्त दिशा निर्देश एवं छत्तीसगढ़ राज्य बाल कल्याण परिषद की मर्यादा एवं गरिमा के अनुरूप सेवा कार्य में अग्रसर रहूंगा।

## बच्चों में बुनियादी साक्षरता के लिए दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

एससीईआरटी के तत्वावधान एवं डाइट प्राचार्य मीना पाणिग्राही के मार्गदर्शन में प्रत्येक बच्चों में बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान के तहत निपुण भारत अभियान के लक्ष्य को प्राप्त करने विकासखंड सरायपाली में जोन स्तरीय एफएलएन प्रशिक्षण के द्वितीय चरण का समापन हुआ।

विकासखंड सरायपाली को तीन जोन में विभक्त कर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में कुल 500 प्राथमिक शिक्षकों को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य दिया गया है। प्रशिक्षण के लिए सरायपाली में तीन जोन सरायपाली, केदुवां (अमरकोट) एवं सिंघोड़ा (पैकिन) बनाया गया है। निपुण भारत मिशन के अंतर्गत सत्र 2026-27 तक बच्चों में बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान के लक्ष्यों को प्राप्त करने के उद्देश्य से आयोजित इस प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर श्रवण प्रधान, कोमल प्रताप चौधरी, नानदाऊ पटेल, घनश्याम दास, ऋषि प्रधान, आशाराम पटेल, किशोर पंडा, किशोर पटेल, दुर्वादल दीप द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, मौखिक भाषा विकास, मौखिक गणित पर बातचीत, स्कूल रेडिनेस, नवाजतन, पुस्तकालय, जादुई पिटारा, ई जादुई पिटारा पर समझ बनाया जा रहा है और शिक्षकों को खेल– खिलौनों से पढ़ाने के गुर सिखाए जा रहे हैं। प्रशिक्षण प्रभारियों में संकुल समन्वयक कामता पटेल, सुशील चौधरी, पुरुषोत्तम पटेल, देवानंद नायक, भिखारी चरण साहू, राजेश पटेल शामिल हैं। वहीं प्रशिक्षण का निरीक्षण जिला प्रभारी आशीष पांडेय, डीपीसी कमल नारायण चंद्राकर, एपीसी संपा बोस, विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रकाश चंद्र मांझी, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी डीएन दीवान, बीआरसीसी सतीश स्वरूप पटेल, राज्य कोर कमेटी सदस्य कविता देवांगन, डाइट एफएलएन प्रभारी कमलेश पांडेय कर रहे हैं।



## गर्भवती महिलाओं और बच्चों को बांटे पोषण किट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर के वार्ड नंबर 26 पंचशील नगर के आंगनबाड़ी केंद्र में गर्भवती धात्री व बच्चों को पोषण अभियान योजना के तहत पोषण किट का वितरण किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुधा रात्रे ने जानकारी दी कि इस योजना का मूल उद्देश्य कुपोषण को दूर भगाना है, ताकि सही पोषण से देश व प्रदेश रोशन रहे। कुपोषित जब बच्चा होता है तब बहुत सारी समस्याओं से बच्चे को जूझना पड़ता है। अन्य बच्चों की अपेक्षा कुपोषित बच्चा काफी निष्क्रिय होता है, चिड़चिड़ा स्वभाव का होता है। वहीं गर्भवती महिलाओं के लिए भी यह पोषण किट की व्यवस्था की गई है। गर्भवती महिलाओं को गर्भकाल के दौरान सही पोषण मिलने से बच्चा सुपोषित पैदा होता है। सही पोषण ना मिलने की स्थिति में गर्भवती महिलाएं एनीमिक हो सकती है और जिन महिलाओं के शरीर में ब्लड की मात्रा कम रहती है, ऐसी महिलाओं का गर्भपात होने की भी स्थिति निर्मित हो सकती है। इसीलिए गर्भ के तुरंत जानकारी मिलते ही टीकाकरण गर्म भोजन रेडी टू ईट से लाभान्वित किया जाता है। वहीं प्रसव पश्चात धात्री महिलाओं को भी सही पोषण की अत्यंत आवश्यकता होती है। क्योंकि, 6 महीने तक बच्चों को केवल मां का दूध ही देना होता है और निश्चित है कि मां अगर स्वस्थ रहेगी तो बच्चा भी स्वस्थ रहेगा। इन्हीं तीन हितग्राहियों को पोषण किट का वितरण किया जा रहा है। पोषण किट के अंदर पोषक तत्वों से भरी हुई चीज हैं, जिनको खा करके गर्भवती महिला धात्री महिला कुपोषित बच्चों का विकास होगा। भारत सरकार द्वारा कुपोषण को दूर करने के लिए जीवनचक्र एप्रोच अपनाकर चरणबद्ध ढंग से पोषण अभियान चलाया जा रहा है। भारत सरकार द्वारा 0 से 06 वर्ष तक के बच्चों एवं गर्भवती एवं धात्री माताओं के स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में समयबद्ध तरीके से सुधार के लिए महत्वाकांक्षी राष्ट्रीय पोषण मिशन का गठन किया गया है। राष्ट्रीय पोषण मिशन अंतर्गत कुपोषण को चरणबद्ध तरीके से दूर करने के लिए आगामी वर्षों के लिए लक्ष्य निर्धारित किए है।



## झुका हुआ बिजली पोल दे रहा है हादसों को न्योता



नर्रा। कनिष्ठ यंत्री कोमाखान के अंतर्गत ग्राम पंचायत नर्रा के तालाब पार सिंघी डबरी मार्ग पर 11 हजार केवी की विद्युत लाइन के झुके हुए दो पोल बड़े हादसे का इंतजार कर रहे है। कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। विदित हो कि ठेकेदार द्वारा गाढ़े गए विद्युत पोल में सिर्फ मिट्टी का उपयोग किया गया है। यदि सीमेंट गिट्टी का उपयोग हुआ होता तो विद्युत पोल नहीं झुकता, सिर्फ मिट्टी डालकर छोड़ दिया गया है। जिसके चलते पोल झुक कर आम पेड़ पर टिका हुआ है।

## विद्यालयों में कार्यरत रसोइयों को दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला शिक्षा अधिकारी मोहन राव सावंत के दिशानिर्देशन एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी कौशल वर्मा के मार्गदर्शन में विकासखंड बागबाहरा के विद्यालयों में कार्यरत रसोईयों का प्रशिक्षण कार्यक्रम स्थानीय सेजेस बागबाहरा में आयोजित किया गया। बच्चों के सुपोषण के लिए ताजा गरम, पौष्टिक भोजन मुहैया कराने शिक्षा सत्र प्रारंभ होने के पूर्व ही रसोईयों को कीचन शेड की साफ सफाई, कीचन में सामग्रियों की उचित रखरखाव करने, एहतियातन विगत सत्र के बचे हुए खाद्य सामग्रियों/मसाले, हल्दी आदि सामानों को उपयोग पर न लाने, स्कूल खुलने से पहले ही मध्याह्न भोजन प्रदायगी व्यवस्था को व्यवस्थित दुरुस्त करने एवं शाला स्तर पर पोषण वाटिका/किचन गार्डन बनाने आदि के लिए रसोइयों को कुशल मास्टर ट्रेनर्स गीता साहू व सीआर निषाद के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित बीईओ केके वर्मा ने बच्चों को कतार में बिठाकर भोजन परोसना, खाने योग्य गरम भोजन, अत्यधिक गर्म भोजन बच्चों के पास न ले जाना, शारीरिक रूप से कमजोर अथवा अधिक उम्र वाले रसोइयों से गरम भोजन परोसने का कार्य न लिया जाना, किचन के भीतर बच्चों को प्रवेश न दिया जाना, किचन शेड विहीन की स्थिति में खुले स्थान पर भोजन तैयार करते समय स्वच्छता एवं सुरक्षा को ध्यान दिया जाना, योजना में सम्बद्ध किसी भी व्यक्ति या बच्चों को किसी भी प्रकार से दुर्घटना जैसे-विषाक्त भोजन सेवन या स्वास्थ्य से संबंधित किसी भी प्रकार की हानि होने की स्थिति में तत्काल प्राथमिक उपचार के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में अनिवार्य रूप से ले जाने संबंधी बातों को विस्तार से बताया गया।

प्रोजेक्टर के माध्यम से मास्टर ट्रेनरों द्वारा भोजन बनाने के लिए आवश्यक सावधानियों के संबंध वीडियो दिखाकर मार्गदर्शन किया गया। सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामता मन्नाडे द्वारा प्रशिक्षण के समस्त उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए विस्तृत सुझाव दिया गया एवं रसोईयों से प्राप्त निवेदन का निराकरण करने एवं आवश्यक कार्रवआई के लिए आश्वस्त किया गया। प्रशिक्षण में बीआरसी केवल टंडन, वरिष्ठ संकुल समन्वयक भूपेंद्र निराला, गुरुदत्त पटेल, देव सिन्हा, गजानंद दीवान, लखविंदर छाबड़ा, सेजेस मास्टर ट्रेनर गीता साहू, छोटू निषाद, कचरा चंद्राकर अध्यक्ष रसोइया संघ बागबाहरा आदि उपस्थित रहे।







